**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर :-**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| 2(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि सीसामऊ अनवरगंज तहसील-सदर जनपद-कानपुर नगर में विधवा पेशंन आदेवन संख्या-313721120332 के साथ ही दिनांक 01 सितम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक कितने आवेदन प्राप्त हुये हैं ? | आवेदन संख्या-313721120332 को दिनांक 28.12.2023 को रीवेरीफाई किया जा चुका है । दिनांक 01 सितम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक कुल 2798 आवेदन पत्र पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं। |
| (ख) क्या उक्त विधवा पेंशन लाभार्थियों के खातों में भेज दी गयी है ? | प्राप्त 2798 आवेदन पत्रों में से जॉच के उपरान्त जिला प्रोबेशन अधिकारी के पोर्टल पर 2055 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 1561 आवेदनों को जिला अनुश्रवण समिति द्वारा स्वीकृत किया गया, शेष 494 आवेदन पत्र जिला अनुश्रवण समिति के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रक्रियारत हैं।<br>शेष 743 आवेदन पत्रों में से 138 आवेदन पत्र रिजेक्ट किये गये हैं तथा 605 आवेदन पत्र तहसील सदर कानपुर नगर में जॉच हेतु लम्बित हैं।<br>शासनादेश संख्या-1578/60-1-17-1/13(72)/06, दिनांक 16.06.2017 में निहित प्राविधानों के अनुसार पात्र लाभार्थियों को पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना की धनराशि का प्रेषण पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से सीधे खाते में किया जाता है, जिसके भुगतान संबंधी कार्यवाही प्रचलित है। |
| (ग) क्या उक्त के नाम/पतों सहित सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | लाभार्थियों का सम्पूर्ण विवरण sspy-up.gov.in पर उपलब्ध है । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

बेबी रानी मौर्य

मंत्री।